तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 15 फरवरी 2026

12 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिनों ने घर-घर ...



13 सशिमं के विदाई समारोह, छात्रों ने स्कूल ...





## खबर संक्षेप



### 150 पौवा शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

**भवानीपुर।** समाधान सेल में लगातार सूचना प्राप्त के आधार पर पुलिस थाना गिधपुरी व साइबर सेल संयुक्त टीम द्वारा दो अवैध शराब कोचिया मदन ओगरे 36 साल निवासी ग्राम गाड़ा कुसमी और प्रदीप डहरिया 22 साल निवासी ग्राम गाड़ा कुसमी थाना गिधपुरी गिरफ्तार को 150 पौवा देशी मसाला शराब के साथ पकड़ा। पुलिस ने शराब और शराब परिवहन में उपयोग की जाने वाली बाइक क्रमांक सीजी 22 जेड 2230 जब्त किया है। आरोपी को थाना गिधपुरी एवं सायबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गिधपुरी जुनवानी रोड में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। शराब कोचियों से लगभग 15 हजार मूल्य का देशी मसाला शराब जब्त की गई, जिसे धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा है। \

### प्रदेश की स्कूलों में अखबार को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग



**खरोरा।** उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान सरकार की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के स्कूलों के शिक्षा पाठ्यक्रम में भी अखबारों का अध्ययन किए जाने का अनुरोध मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से किया गया है। रमेश शर्मा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा एवं मीडिया प्रभारी सहकारिता प्रकोष्ठ रायपुर ग्रामीण ने कहा कि छत्तीसगढ़ के शिक्षा विभाग के स्कूलों के पाठ्यक्रम में अखबार का अध्ययन करवाना महत्वपूर्ण है, जिससे विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान में वृद्धि हो सके, क्योंकि आजकल बच्चों में मोबाइल, लैपटॉप और टीवी स्क्रीन पर अति गंभीरता के कारण बच्चों में पढ़ाई की आदत लगभग खत्म होने के कगार पर है। छत्तीसगढ़ के स्कूल पाठ्यक्रम में स्कूल स्तर पर ही पढ़ने की आदत अखबार के माध्यम से डालनी होगी। हर स्कूल में हिंदी एवं अंग्रेजी का अखबार पढ़ना अनिवार्य किया जाए। अखबार के लिए स्कूलों में शासन स्तर पर कम से कम 10 मिनट का समय निर्धारित किया जाए, जिससे बच्चों में सामान्य ज्ञान एवं देश विदेश की स्थिति परिस्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी हो सके।

# भाटापारा में अमृत भारत स्टेशन का कार्य धीमा, अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

यहां के रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आधुनिकीकरण का कार्य जारी है, लेकिन इसकी गति धीमी होने से यात्रियों में नाराजगी देखी जा रही है। इसी बीच रेलवे क्षेत्र की जमीन पर अवैध अतिक्रमण का मामला भी सामने आया है।

जानकारी के अनुसार, भाटापारा रेल परिक्षेत्र के अंतर्गत अतिक्रमण करने वालों को नोटिस दिया गया है। इस पर कार्रवाई करते हुए रेलवे के आईडब्ल्यू (इंजीनियरिंग वर्क्स) विभाग ने संबंधित लोगों को नोटिस जारी किया है। निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाने पर आगे की कानूनी कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है। गौरतलब है कि बिलासपुर रेलवे जोन के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के भाटापारा स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। इस परियोजना को जून 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन तय समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं हो सका। सूत्रों के अनुसार अब ठेकेदार ने मार्च 2026 तक कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया है। हालांकि वर्तमान प्रगति को देखते हुए इस पर भी संशय बना हुआ है। बावजूद इसके, रेलवे प्रशासन का दावा है कि स्टेशन का विकास यात्रियों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## रेलवे भूमि पर अवैध अतिक्रमण का मामला उजागर

### बुनियादी कार्य प्रगति पर

परियोजना के अंतर्गत स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित करने की योजना है, जिसमें आधुनिक प्रतीक्षालय, उन्नत सर्कुलेटिंग एरिया, सौंदर्यीकरण, बेहतर बैठने की व्यवस्था, नए साइनबोर्ड, सुव्यवस्थित पार्किंग तथा सुगम यातायात व्यवस्था शामिल हैं। वर्तमान में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय का निर्माण सहित अन्य बुनियादी कार्य प्रगति पर हैं।



### दुर्घटना की आशंका

हालांकि कार्य की धीमी गति के कारण यात्रियों को असुविधा हो रही है। स्टेशन के सामने प्रमुख मार्ग की जर्जर स्थिति से आम नागरिक भी परेशान हैं और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। भाटापारा सहित रायपुर मंडल के 15 स्टेशनों को आधुनिक बनाने की योजना थी, जो अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

## शादी की खुशियां मातम में बदली, बेटी बिदा कर चौथिया आयी मां की मौत

# नाले की पुलिया टूटी, पांच महिलाएं गिरी, मलबे में दबने से एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

### पैदल चल रहे थे तब पुल भरभरा कर गिरा, 4 सुरक्षित











ग्राम कोरकोटी में शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई, जब नाले पर बना पुल भरभरा कर नीचे गिर गया। शुक्रवार रात 11 बजे के आसपास घटना में पुल टूटने पर पुल के साथ पांच महिलाएं नीचे नाले में गिरी, जिससे घटना स्थल पर चिकपुकार मच गई। आसपास के लोगों ने चार महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाल और एक महिला की तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिल पाई।

घटना की सूचना बिलाईगढ़ पुलिस को शनिवार को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे घटना की जानकारी ली। इसके बाद एसडीआरएफ और गोताखोर की टीम को इसकी सूचना दी गई। बलौदाबाजार जिले से पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने कैमरे की मदद से मलबे के अंदर दबे महिला के शव को देखा, इसके बाद हाइड्रोलिक मशीन के माध्यम से पत्थरों को हटाकर मृतक महिला के शव को बाहर निकाल गया।

मृतिका की पहचान जमुना बाई पटेल पति छतराम पटेल 55 वर्ष निवासी गिरौदपुरी पुलिस चौकी थाना गिधौरी के रूप में हुई है। मृतक जमुना बाई नई नवेली दुल्हन की मां है, जो चौथिया कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। घर के बाड़ी से आगे एक छोटा सा नाला है, जिस पर पुल बनाया गया है। उस पर खान की व्यवस्था की गई थी और खाना खाने के बाद वापस घर आने के दौरान यह हादसा हुआ। मृतिका बुजुर्ग महिला जमुना बाई पटेल पति छतराम पटेल का शव की पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए बिलाईगढ़ भेजा गया। जहां शव की पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है, फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई।

# डाढाखार हत्याकांड का खुलासा, एक साल बाद आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल



ग्राम डाढाखार में हुए हत्या के मामले में कसडोल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने करीब एक वर्ष पुराने इस मामले में आरोपी ग्राम डाढाखार थाना कसडोल निवासी 42 वर्षीय नरेश पैकरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष 7 अप्रैल को ग्राम डाढाखार निवासी इतवारी राम पैकरा 55 वर्ष को सिर में गंभीर चोट लगने के कारण जिला अस्पताल बलौदाबाजार में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान दूसरे दिन 8 अप्रैल को उसकी मौत हो गई थी। मर्ग जांच के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि मृतक के सिर पर किसी ठोस वस्तु से घातक वार किया गया था। इसके बाद थाना कसडोल में धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में कसडोल पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की। जांच के दौरान संदेह के आधार पर नरेश पैकरा 42 वर्ष को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि पंच चुनाव के दौरान वोट नहीं देने और पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी ने मृतक से विवाद किया था। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने पास पड़े लकड़ी के डंडे से मृतक के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया, जिससे वह बेहोश होकर गिर गया और बाद में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि घटना के समय आसपास मौजूद लोगों को आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी थी, जिसके कारण उन्होंने तत्काल पुलिस को जानकारी नहीं दी। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने हत्या करना स्वीकार कर लिया है। आरोपी को 14 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

# ठग गैंग का पर्दाफाश, राजस्थान से 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



रिटर्न के रूप में ज्यादा पैसे मिलने का लालच देकर ठगी करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को राजस्थान से हिरासत में लिया।

प्रार्थी रामचंद्र वस्त्रकर निवासी श्याम कॉलोनी बलौदाबाजार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 जुलाई 2025 से 19 अक्टूबर 2025 के मध्य आरोपियों द्वारा व्हीआईपी ट्रेड नामक कंपनी बनाकर 10-12 प्रतिशत प्रतिमाह गारंटीड रिटर्न देने का झूठा प्रलोभन देकर कुल 8,06,640 जमा करवा लिया। फिर आरोपियों द्वारा जमा रकम का 12 प्रतिशत के हिसाब से प्रतिदिन ग्रोथ हो रहा है, बाद में पैसा निकाल लेना कहा गया। प्रार्थी द्वारा पैसा वापस मांगने पर नहीं दिया गया, तत्पश्चात आरोपियों द्वारा अपना मोबाइल बंद कर लिया गया, जिससे प्रार्थी को अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ। इसकी रिपोर्ट थाना सिटी कोतवाली में धारा 318(4), 316(2), 3(5) बीएनएस के तहत दर्ज करायी गई।

- झांसा में लेकर लोगों को निवेश पर भारी रिटर्न का दिया था लालच

प्रकरण में पुलिस को ठगी करने वाले सभी आरोपियों के राजस्थान से संपूर्ण ठगी का जाल फैलाने के संबंध में पता चला। साथ ही यह भी पता चला कि आरोपी अजमेर राजस्थान के एक धोखाधड़ी के मामले में केंद्रीय कारागार अजमेर में निरुद्ध है। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत केंद्रीय कारागार अजमेर राजस्थान से चारों आरोपियों को हिरासत में ली, जिनसे पूछताछ करने पर सभी आरोपियों द्वारा व्हीआईपी ट्रेड नामक कंपनी बनाकर, रिटर्न में ज्यादा पैसे मिलने का लालच देते हुए लोगों से ठगी करना स्वीकार किया।

प्रकरण में सभी चारों आरोपियों को अब्दुल समद 60 वर्ष निवासी रामदेवजी के चबूतरे के पास भिश्ती मोहल्ला गांधीनगर किशनगढ़ राजस्थान, लोकेश चौधरी 26 वर्ष निवासी सरदार ⏩ शेष पेज 13 पर

# गर्लफ्रेंड से मिलने गया किशोर की 15 दिन बाद जंगल में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल



सेल क्षेत्र के ग्राम सर्वा निवासी 17 वर्षीय नाबालिग उद्रेश वर्मा अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने महासमुंद जिले के भंवरपुर चौकी थाना बसना अंतर्गत ग्राम जमनीडीह गया था। इसके बाद वह रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। करीब 15 दिन बाद उसका शव पहाड़ी जंगल में सड़ी-गली अवस्था में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है।

जानकारी के अनुसार 29 जनवरी को उद्रेश वर्मा अपने दोस्तों के साथ टुंडरी गांव में मड़ई मेला देखने गया था। लौटते समय उसने जमदरहा पंचायत के आश्रित ग्राम जमनीडीह जाकर अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने की बात कही। रात लगभग 11 बजे वह जमनीडीह पहुंचा, लेकिन इसके बाद से वह घर नहीं लौटा। किशोर के लापता होने पर उसके दोस्त ने भंवरपुर चौकी में सूचना दी, जिस पर पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू की। गुरुवार 12 फरवरी को जमनीडीह के पास पहाड़ी जंगल में किशोर का शव डिकंपोज अवस्था में मिला। पुलिस ने मर्ग पंचनामा कार्रवाई कर फॉरेंसिक टीम से मौके का निरीक्षण कराया। शव की स्थिति खराब होने के कारण पोस्टमार्टम के लिए रायपुर भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल हत्या आत्महत्या और दुर्घटना सभी पहलुओं पर जांच जारी है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है वहीं क्षेत्र में दहशत और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## बलौदाबाजार वनमंडल ने कसी कमर, देवपुर में कार्यशाला के जरिए जनभागीदारी का आह्वान

# वन विभाग ने आगजनी की घटना रोकने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल





वनों को अग्नि जैसी भीषण आपदा से बचाने के लिए बलौदाबाजार वनमंडल ने एक बड़ी पहल की है। 13 फरवरी को देवपुर नेचर कैंप के प्राकृतिक परिवेश में वन अग्नि सुरक्षा एवं प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। वनमंडल अधिकारी धम्मशील गणवीर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य संदेश था अब लक्ष्य केवल आग बुझाना नहीं, बल्कि आग लगने से पहले ही उसे रोकना है।

विभाग ने आगामी 15 फरवरी से 15 जून तक चलने वाले अग्नि सीजन 2026 के लिए कमर कस ली है। कार्यशाला में स्पष्ट किया गया कि वनाग्नि की समस्या केवल विभाग की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इसमें ग्रामीण, वन प्रबंधन समितियां, जनप्रतिनिधि, शिक्षक और छात्र-छात्राओं को एक साझा मंच पर लाकर सामूहिक रणनीति तैयार की गई।

चर्चा के दौरान वनाग्नि के प्रमुख मानवजनित कारणों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें महुआ संग्रहण के लिए पेड़ों के नीचे सूखी घास जलाना, खेतों में पराली जलाना और जंगल किनारे बीड़ी-सिगरेट के अवशेष फेंकना और शिकार या अन्य गतिविधियों के लिए जानबूझकर आग लगाना। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि एक छोटी सी चिंगारी पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर सकती है, जिससे वन्यजीवों के आवास, पक्षियों के घोंसले और मिट्टी की उपजाऊ शक्ति खत्म हो जाती है।

कार्यशाला को रोचक बनाने के लिए विद्यार्थियों के बीच नुक्कड़ नाटक और पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें योगेश बरिहा ग्रुप देवपुर ने प्रथम, शासकीय कॉलेज लवन ने द्वितीय और यामिनी चौहान ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अनुपमा ठाकुर प्रथम, लवी मलाकी द्वितीय और सलीना ठाकुर तृतीय रहीं। इसके अलावा, उत्कृष्ट कार्य करने वाली वन प्रबंधन समितियों को भी सम्मानित किया गया।

विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्षों में आग की घटनाओं में उतार-चढ़ाव देखा गया है (2021 में 257 से लेकर 2025 में 133 घटनाएं)। इस बार विभाग सैटेलाइट निगरानी, मोबाइल ऐप और त्वरित प्रतिक्रिया दल जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से जीरो फायर के लक्ष्य पर काम कर रहा है। कार्यशाला में एसडीओ अनिल वर्मा, बारनवापारा अधीक्षक कृषानु चन्द्राकार, प्रशिक्षु एसीएफ प्रखर नायक, गुलशन साहू, श्वेता सिंह सहित रेंजर जीवन लाल साहू, संतोष पैकरा और अन्य वन अमला मौजूद रहा।

# रेत का अवैध परिवहन, 4 ट्रैक्टर जब्त, राजस्व टीम ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर राजस्व एवं खनिज की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को अवैध रेत परिवहन करते 4 ट्रैक्टर को राजस्व की टीम ने जब्त किया। जानकारी के अनुसार तहसील कसडोल अंतर्गत तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम दर्रा से अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना कसडोल के सुपुर्द किया गया। वहीं तहसील पलारी अंतर्गत 3 ट्रैक्टर अवैध रेत परिवहन करते पाया गया, जिसे जब्त कर थाना पलारी के सुपुर्द किया गया।

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर रेत घाटों कि कड़ी निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही जिला टास्क फ़ोर्स का भी गठन किया गया है जिसमें पुलिस, राजस्व विभाग और खनिज विभाग की एक संयुक्त टीम द्वारा औचक छापेमारी की जाती है।

## खबर संक्षेप



### बीईओ ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

**सरायपाली।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल ने शासकीय प्राथमिक शाला खम्हारपाली एवं मिडिल स्कूल भोथलडीह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों स्कूल में शिक्षकों व बच्चों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, वार्षिक परीक्षा की तैयारी, कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा के ब्लू प्रश्न पत्र की जानकारी, परीक्षा पे चर्चा आदि की जानकारी ली गईं। इस अवसर पर खम्हारपाली प्राशा व भोथलडीह मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक एवं भोथलडीह शास उच्च माध्य शाला स्कूल के प्राचार्य सुशील सेठ उपस्थित थे।

### होली से पहले किसानों को एकमुश्त मिलेगा धान का पैसाः तुषार

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू ने कहा कि होली से पहले किसानों को एकमुश्त धान का पैसा मिलेगा। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में किसानों के हित में निर्णय लिया गया है। राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किया जाएगा। आगे कहा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। कृषक उन्नति योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार धान के मूल्य के अंतर की राशि का भुगतान करेगी। लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का भुगतान होली पर्व से पहले एकमुश्त किया जाएगा। बता दें कि पिछले 2 सालों में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों को धान के मूल्य के अंतर के रूप में 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इस साल होली से पहले किसानों को 10 हजार करोड़ रुपए का भुगतान होने से यह राशि बढ़कर 35 हजार करोड़ रुपए हो जाएगी।

### चिरायु योजना से निःशुल्क हृदय सर्जरी

**पिथौरा (ग्रामीण)।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत चिरायु दल की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से पिथौरा विकासखंड के वनांचल ग्राम पंडरीपानी की 9 वर्षीय बालिका को नया जीवन मिला है। जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला पंडरीपानी में आयोजित चिरायु स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान आलिया बुडेक पिता रमेश बुडेक, माता अंजलि बुडेक के स्वास्थ्य परीक्षण में हृदय रोग की आशंका पाई गई। जिसके बाद बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में परीक्षण उपरांत रायपुर रेफर किया गया। जहां सफल ऑपरेशन के बाद बालिका पूर्ण रूप से स्वस्थ है।

### मातृ-पितृ दिवस पर न्योता भोज



**पिथौरा (ग्रामीण)।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में मातृ-पितृ दिवस पर विशेष न्योता भोज एवं विविध खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि माता-पिता हमारे प्रथम गुरु होते हैं। जीवन की हर सफलता में उनके आशीर्वाद, संस्कार और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सदैव माता-पिता के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और सेवा भाव रखें तथा अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करें। कार्यक्रम के अंतर्गत डार्ट गेम, गेंद डुबाओ, स्टंप थ्रो एवं सुलेख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक गिफ्ट पैक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# भवन जर्जर इसलिए सामुदायिक भवन में लगती हैं बच्चों की कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्कूल भवन के जर्जर होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बच्चों की कक्षा सामुदायिक भवन में लग रही है। लेकिन, आगामी नवरात्रि पर्व पर उक्त भवन में ज्योत कक्ष और अन्य धार्मिक आयोजन प्रस्तावित है। ऐसे में जिले के विकासखंड बागबाहरा के ग्राम खट्टाडीह के शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों की शिक्षा को लेकर ग्रामीण चिंतित है। वहीं जर्जर भवन में बच्चों को भेजने से डर रहे है। इस समस्या को लेकर ग्रामवासियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को पत्र लिखकर तत्काल समाधान की मांग की है। लेकिन, अफसरों की लापरवाही के चलते इस पर कोई संज्ञान नही लिया जा रहा है।

## भवन में हैं नवरात्रि पर धार्मिक आयोजन, बच्चों का भविष्य अधर में

### नवरात्रि के कारण खड़ा हुआ संकट

अब स्कूल के सामने एक नई समस्या खड़ी हो गई है। आगामी नवरात्रि के अवसर पर गांव के सामुदायिक भवन में ज्योति जंवारा और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है। इस कारण यह भवन अब स्कूल संचालन के लिए उपलब्ध नहीं रहेगा। वैकल्पिक जगह न होने की स्थिति में स्कूल की नियमित कक्षाएं पूरी तरह बंद हो जाएंगी, जिसका सीधा असर बच्चों की वार्षिक परीक्षाओं और उनकी पढ़ाई पर पड़ेगा।




### विभाग की जिम्मेदारी तय करने की मांग

दिनेश्वरी साहू और अन्य पंचायत सदस्यों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपे गए पत्र में स्पष्ट किया है कि यदि समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई, तो बच्चों की पढ़ाई बाधित होगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि लंबे समय से शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होना विभाग की लापरवाही को दर्शाता है। यदि भविष्य में बच्चों की सुरक्षा या शिक्षा को लेकर कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न होती है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की होगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि विद्यार्थियों के हित को देखते हुए जल्द से जल्द नया स्कूल भवन स्वीकृत किया जाए और तात्कालिक रूप से पढ़ाई जारी रखने के लिए किसी अन्य पक्के भवन की व्यवस्था की जाए।

ग्रामीणों के अनुसार, शासकीय प्राथमिक शाला खट्टाडीह का मूल भवन पिछले चार वर्षों से पूरी तरह जर्जर और असुरक्षित हो चुका है। भवन की हालत इतनी खराब है कि वहां बच्चों को बैठाना उनकी जान जोखिम में डालने जैसा है। इस संबंध में विभाग को कई बार लिखित और मौखिक रूप से सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक नई बिल्डिंग के निर्माण या मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्कूल भवन असुरक्षित होने के कारण ग्राम पंचायत और ग्रामीणों के सहयोग से स्कूल को गांव के सामुदायिक भवन (मातागुड़ी) में शिफ्ट किया गया था। जहां वर्तमान में बच्चे बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। हालांकि, एक छोटे से सामुदायिक भवन में पूरे स्कूल का संचालन करना पहले से ही चुनौतीपूर्ण बना हुआ था।

पर्व : स्वयंभू शिवलिंग को लेकर इन दिनों श्रद्धालुओं में गहरी आस्था

# महाशिवरात्रि आज, हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान होंगे शिवालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

महादेव की भक्ति का महापर्व है महाशिवरात्रि यह पर्व अंचल के शिवालयों में धूमधाम से आज मनाया जायेगा। लोग सुबह से ही स्नान कर महादेव को जलाभिषेक करेंगे। पर्व में गांव का वातावरण शिवमय रहेगा। शिवमंदिर हर हर महादेव के उद्घोष से गूंजेगा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी खैरताल समीप स्थित पुरेना तालाब में स्वयंभू महादेव का जलाभिषेक किया जायेगा एवं शाम को मेला लगेगा, जहां लोग पहुंचकर मेला का लुफ्त उठाते नजर आएंगे। अर्जुनी के नवा तालाब स्थित शिव मंदिर, गाँव तालाब शिव मंदिर, काली मंदिर पारा स्थित शिव मंदिर, उपार्जन केंद्र स्थित शिव मंदिर, मावली चौकस्थित शिव मंदिर, इंदिरा कालोनी स्थित शिव मंदिर,गांधी चौक स्थित शिव मंदिर, सहित अनेको शिवालयों में जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना का क्रम जारी रहेगा।तथा मेले का आयोजन भी विभिन्न स्थानों में किया जाएगा। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रहेगी।





## वटगन शिव मंदिर में शिवरात्रि पर्व पर जल अभिषेक



**भवानीपुर।** विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम वटगन के तालाब परिसर में स्थापित स्वयंभू शिवलिंग को लेकर इन दिनों श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ समय पूर्व यहां तालाब किनारे भूमि से एक छोटा सा शिवलिंग प्रकट हुआ था, जो समय के साथ आकार में बढ़ता हुआ अब लगभग चार फीट तक पहुंच गया है। श्रद्धालुओं का मानना है कि यह भगवान भोलेनाथ का दिव्य स्वरूप है और उनकी विशेष कृपा का प्रतीक है। इस अद्भुत घटना की चर्चा आसपास के गांवों सहित दूर-दराज के क्षेत्रों तक फैल गई, जिसके बाद यहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। भक्तजन इसे चमत्कार मानते हुए बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि जो भी भक्त यहां सच्चे मन से अपनी मनोकामना लेकर आते हैं, भगवान भोलेनाथ उनकी इच्छाएं पूर्ण करते हैं। कई भक्तों ने अपनी इस अद्भुत घटना की चर्चा आसपास के गांवों सहित दूर-दराज के क्षेत्रों तक फैल गई, जिसके बाद यहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। भक्तजन इसे चमत्कार मानते हुए बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि जो भी भक्त यहां सच्चे मन से अपनी मनोकामना लेकर आते हैं, भगवान भोलेनाथ उनकी इच्छाएं पूर्ण करते हैं। प्राप्त जानकारी पंडित राकेश शर्मा ने दी।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिला शिक्षक फेडरेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर के नेतृत्व में फेडरेशन ने पूर्व विधायक देव भाई पटेल के मार्गदर्शन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भेंट कर शिक्षकों व कर्मचारियों की लंबित एवं ज्वलंत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की।

■ वेतन विसंगति और मोदी की गारंटी पर की चर्चा

प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए मुख्य रूप से वेतन विसंगति के मोदी की गारंटी के अंतर्गत प्रदेश के सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति के समाधान, पूर्व सेवा गणना कर, क्रमोन्नत, पूर्ण पेंशन की बहाली तथा शिक्षकों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्राथमिकता से हल करने की मांग रखी।

फेडरेशन अध्यक्ष राठौर ने कहा कि प्रदेश के हजारों शिक्षक व कर्मचारी वर्षों से वेतन असमानता और पूर्व सेवा गणना के अभाव में आर्थिक व मानसिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोदी की गारंटी के अंतर्गत कर्मचारियों को जो आश्वासन दिए गए थे, उनके शीघ्र क्रियान्वयन से कर्मचारियों में विश्वास एवं उत्साह का वातावरण बनेगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों से जुड़े विषय संवेदनशील हैं तथा नियमानुसार उचित मंच पर विचार-विमर्श कर समाधान का प्रयास किया जाएगा। रमन सिंह से भेंट मुलाकात व मीटिंग में रविंद्र राठौर प्रांताध्यक्ष, राजू टण्डन सचिव, देवेन्द्र हरमुख उपाध्यक्ष, शेषनाथ पाण्डे कोषाध्यक्ष और मनीष मिश्रा संयोजक मुख्य पदों पर कार्यरत हैं। संस्थापक सदस्यों में बसंत कौशिक,रंजीत बैनर्जी, अश्वनी कुर्रे, सी. डी. भट्ट का नाम शामिल थे।

# बजरंग दल ने वेलेंटाइन डे का किया विरोध गार्डनों में पहुंचकर युवाओं को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में वेलेंटाइन डे के मौके पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए विभिन्न गार्डनों और सार्वजनिक स्थलों में पहुंचकर वहां मौजूद युवक-युवतियों को भारतीय संस्कृति का हवाला देते हुए समझाइश दी। संजय कानन, संत रविदास गार्डन, इमली भाठा गार्डन, बीटीआई रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह उद्यान सहित अन्य उद्यानों में बाइक रैली के माध्यम से पहुंचे। टाउन हॉल के पास स्थित गार्डन में एक प्रेमी युगल व दलदली रोड बगीचा में एक प्रेमी युगल को समझाइश देकर सुरक्षित घर लौटाया। बजरंगियों की मानें तो उनके द्वारा उक्त पाश्चात्य संस्कृति के विरोध में यह कदम उठाना पड़ा। बजरंग दल कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे "भारतीय संस्कृति की रक्षा" के उद्देश्य से यह अभियान चलाते हैं। उनका आरोप है कि वेलेंटाइन डे के नाम पर सार्वजनिक स्थलों पर अशोभनीय गतिविधियां बढ़ती हैं, जिन्हें रोकना जरूरी है। बजरंग दल के सदस्यों ने कहा कि वेलेंटाइन डे हमारे देश की संस्कृति नहीं है। इस दिन मातृ- पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाते हैं।



आज ही के दिन पुलवामा हमले में हमारे देश के 40 जवान शहीद हुए थे। उन शहीद जवानों की शहादत को याद करते हुए यह दिन उन्हें श्रद्धांजलि देने का है। शनिवार को सुबह से ही बजरंग दल के कार्यकर्ता समूह बनाकर शहर के प्रमुख पार्कों, गार्डनों और एकांत स्थलों पर पहुंचे। उन्होंने कई जगहों पर बैठकर बातचीत कर रहे युवाओं से चर्चा की और पारंपरिक मूल्यों का पालन करने की सलाह दी।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिनों ने घर-घर जाकर खिलाई फाइलेरिया की दवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 10 से 25 फरवरी तक महा अभियान चल रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सामूहिक दवा सेवन करवाया जा रहा है। भवानीपुर सहित ग्राम खपरी, तमोरी, जुनवानी, रीवाडीह, भरुवाडीह, बिजराडीह, मलपुरी मोहान, बोदा, गिधपुरी, हरिनभट्ठा कुची सहाड़ा सहित विभिन्न स्थानों में मितानिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा फाइलेरिया से बचने के लिए गली भ्रमण करते हुए प्रत्येक घर जा जाकर एक-एक सदस्य को दवा का सेवन करवा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम खपरी भ के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बुधवन्तीन ढीढी, हिना कुर्रे, मितानिन प्रीति झा, रेखा डहरिया द्वारा गांव के प्रत्येक घर में जा जाकर दवा का सेवन करवा रहे हैं। साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी चमन साहू, सुलेखा अनंत भी समय-समय पर उपस्थित होकर मार्गदर्शन दे रहे हैं, ताकि कोई भी व्यक्ति न छूटे, जिससे फाइलेरिया बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सके। ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति अवश्य ध्यान दें समय पर स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपना जांच अवश्य करवे और भोजन व साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे जिससे हम स्वस्थ रहें बच्चों के प्रति माताएं विशेष ध्यान दें मच्छरदानी का उपयोग करें ताकि मलेरिया एवं अन्य बीमारियों से बचा जा सके राष्ट्रीय अभियान में सभी अपना सहभागिता देने की मितानिनों ने अपील की।



शिव महापुराण की कथा में तारकासुर वध की कथा का हुआ श्रवण

# शिव-पार्वती विवाह की जीवंत झांकी देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

किल्ला पारा में आयोजित पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण के तीसरे दिवस पंडित विजय उपाध्याय ने कहा कि एक समय जब तारकासुर नामक राक्षस राज ने ब्रह्मा जी की घोर तपस्या किया और उनसे वरदान प्राप्त कर उस शक्तियों के मद में वह अभिमानी हो गया और तीनों लोकों के प्राणियों को प्रताड़ित करने लगा, जिससे तीनों लोकों के प्राणी हाहाकार करने लगे। वरदान के अनुसार तारकासुर का वध भगवान शिव के पुत्र द्वारा ही संभव था लेकिन शिव जी तो घोर तपस्या में लीन थे। अब उनको तपस्या से जगाएं तो कौन जगाएं क्योंकि उनकी तपस्या भंग करने का मतलब उनकी क्रोधाग्नि का निमंत्रण देने जैसा था लेकिन जग कल्याण हेतु कामदेव ने मृत्यु का भय छोड़कर उनकी तपस्या भंग की और महादेव की क्रोधाग्नि में वह जलकर भस्म हो गए। तपस्या से जगाने के उपरांत भगवान शिव एवं माता पार्वती का विवाह हुआ और उनसे उत्पन्न पुत्र कार्तिकेय ने तारकासुर का वध कर पुनः विश्व में शांति स्थापित किया। कथा के मध्य में भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह का सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई, जहां तेल माटी चुलमाटी हल्दी का नेग कर बाजे गाजे के साथ भगवान की बारात निकाली गई, श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए।



# ठाकुरदिया-बुंदेली मार्ग पर दिखे तीन तेंदुए, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ठाकुरदिया-बुंदेली मार्ग पर शनिवार सुबह ग्रामीणों ने एक साथ तीन तेंदुओं को देखा। कक्ष क्रमांक 223 के मिश्रित आरक्षित जंगल के पास तेंदुओं की मौजूदगी की खबर जैसे ही फैली, आसपास के गांवों में दहशत का माहौल बन गया है।

जानकारी के अनुसार, सुबह जब ग्रामीण और राहगीर ठाकुरदिया-बुंदेली मार्ग से गुजर रहे थे, तभी उन्हें जंगल के किनारे तीन तेंदुए नजर आए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि तेंदुए सड़क के काफी करीब थे, जिससे वहां से गुजरने वाले लोग सहम गए। आमतौर पर इस इलाके में जंगली जानवरों की हलचल बनी रहती है, लेकिन एक साथ तीन तेंदुओं का दिखना क्षेत्र के लिए बड़ी घटना है। तेंदुओं की मौजूदगी की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम हरकत में आई। वन अमला तुरंत मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। विभाग ने सुरक्षा के लिहाज से पूरे इलाके की निगरानी बढ़ा दी है। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को अकेले जंगल की ओर न जाने और सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेष रूप से बच्चों और मवेशियों को सुरक्षित रखने के लिए मुनादी कराई जा रही है। वन कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है कि वे पैनिक न करें, बल्कि सुरक्षा नियमों का पालन करें।



# भगवान राजीव लोचन का बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने लिया दर्शनलाभ

## जनप्रतिनिधियों ने बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

इस वर्ष भी राजीव लोचन मेला पर समाजसेवी तारिणी जवाहर वर्मा के नेतृत्व में भव्य धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें मोहरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग 300 महिलाओं ने सहभागिता की। इस विशेष यात्रा के अंतर्गत श्रद्धालुओं को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल राजिम लोचन के दर्शन कराए गए। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। यात्रा का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति डॉ. मोहन लाल वर्मा, सिमगा जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल, सुहेला मंडल अध्यक्ष हेमंत बाघमार तथा मोहरा सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा की उपस्थिति में हुआ। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से बसों को हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को रवाना किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और आयोजन को लेकर आयोजकों की सराहना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुईं। कई महिलाओं ने बताया कि यह उनका पहला अवसर था जब वे राजिम लोचन दर्शन के लिए गईं, जिससे वे अत्यंत प्रसन्न और भावुक नजर आईं। समाजसेवी जवाहरलाल वर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल धार्मिक यात्रा तक सीमित नहीं है, बल्कि वे भविष्य में भी ग्रामीणों के सुख-दुख में सहभागी बने रहेंगे।





### आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना भी बढ़ती है

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से न केवल धार्मिक आस्था मजबूत होती है, बल्कि समाज में आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना भी बढ़ती है। डॉ. मोहन लाल वर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है और लोगों को आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है। वहीं डॉ. दौलत राम पाल ने कहा कि ग्रामीणों की मांग थी कि सभी वर्गों को तीर्थ दर्शन का अवसर मिलना चाहिए, जिसे इस आयोजन के माध्यम से पूरा किया गया। मंडल अध्यक्ष हेमंत बाघमार ने बताया कि यात्रा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए बसों, पेयजल, प्राथमिक उपचार एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर राजेश वर्मा, छत्रधारी वर्मा, कार्तिक राम वर्मा, प्राणनाथ वर्मा, आर. के. सरसीहा, हरिश्चंद वर्मा डिगेश्वर यदु गिरधारी वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने आयोजन को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से क्षेत्र में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता का भी संदेश मिलता है। सभी ने आयोजकों और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों की निरंतरता की उम्मीद जताई।

## खबर संक्षेप



### मातृ-पितृ पूजन दिवस पर की गई पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में मातृ-पितृ पूजन दिवस पर पूजा अर्चना की गई। काजल चंद्राकर ने अपने माता पिता की पूजा अर्चना की। काजल ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में माता-पिता को भगवान से बड़ा माना जाता है। हिंदू संस्कृति में हम अपने मातृ-पितृ की पूजा करते है। माता-पिता ने हमारे पालन-पोषण में कितना कष्ट उठाया है। कितना त्याग किया है। इनकी पूजा-अर्चना, सेवा करने से छोटे-से-छोटा व्यक्ति भी महान बन जाता है।

### महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर में कलश स्थापना आज

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी स्थित बड़े तालाब में पुनर्निर्माण मंदिर में मूर्ति व कलश स्थापना के प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ पूजा का आयोजन महाशिवरात्रि पर रविवार 15 फरवरी को किया गया है। प्रातः 10 बजे सर्वप्रथम मंदिर में ध्वजारोहण किया जाएगा। आचार्य लक्ष्मी नारायण वैष्णव द्वारा विधिविधान से मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जाप करेंगे। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस तैयारी को लेकर रवि चंद्राकर, गोवर्धन चंद्राकर, रमेश चक्रधारी, संतोष साहू, राजू साहू आदि जुटे हुए हैं।

### 1200 हितग्राहियों को नहीं मिल रहा सरकारी राशन दुकान में शक्कर

**महासमुंद।** तुमगांव क्षेत्र के ग्राम बड़गांव व बरबसपुर के बीपीएल राशन कार्ड हितग्राहियों को गत 3 माह से शासकीय दर पर शक्कर का वितरण नहीं किया जा रहा है। इसके चलते गरीब उपभोक्ताओं को बाजार में अधिक दर पर शक्कर खरीदना पड़ रहा है। जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर ने संबंधित शासकीय उचित मूल्य की दुकान जाकर वस्तुस्थिति से अवगत होकर ग्रामीणों से चर्चा की। अमर ने अतिशीघ्र बड़गांव राशन दुकान से संबंधित समस्त बीपीएल हितग्राहियों को 3 माह का शक्कर एक साथ वितरण करने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ-पितृ दिवस मनाया

**महासमुंद।** मां सरस्वती विद्या मंदिर बेमचा में मातृ-पितृ दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नोडल प्राचार्य सोहनलाल पाटकर एवं विशिष्ट अतिथि भगत राम साहू, विधायक प्रतिनिधि रविकांत चंद्राकर, नवीन चंद्राकर वरिष्ठ व्याख्याता हाईस्कूल एवं सभी बच्चों के माता-पिता उपस्थित थे। बच्चों ने अपने माता-पिता का पूजन किया एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंतिम में बच्चों में मोबाइल प्रयोग जागरूक नाटक प्रस्तुत किया गया, जिससे समाज को शिक्षा व सीख मिली।

पेज 11 के शेष

### ठगी करने वाली...

सिंह धानी रोड रामदेव कॉलोनी किशनगढ़ राजस्थान, कैलाश चौधरी 26 वर्ष निवासी जाटो का मोहल्ला पुलिस थाना नारायणा जिला जयपुर ग्रामीण राजस्थान और धीरज गट्टानी 25 वर्ष निवासी मीरा मार्ग न्यू कॉलोनी कुचामन सिटी राजस्थान को 13 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

## आयोजन : समारोह में अतिथियों ने छात्रों को आगे बढ़ने प्रेरित किया

# सशिमं के विदाई समारोह में छात्रों ने स्कूल के संस्कार और अनुभव किया साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए आशीर्वाद एवं सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय वर्मा पूर्व छात्र, खनन अधिकारी थे। विशिष्ट अतिथियों चन्द्रकुमार चन्द्राकर पूर्व छात्र इंजीनियर अमेरिकन कम्पनी चेन्नई, प्राची मिश्रा पूर्व छात्रा भगवताचार्या तथा निकिता मिश्रा पूर्व छात्रा, भगवताचार्या उपस्थित थे। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर ने की। कार्यक्रम में द्वादश कक्षा के भैया-बहनों ने विद्यालय में प्राप्त शिक्षा, संस्कार एवं विभिन्न गतिविधियों से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। अपने विद्यार्थी जीवन की स्मृतियों को व्यक्त करते हुए कई विद्यार्थी भावुक भी हो उठे। मुख्य अतिथि विजय वर्मा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन मनुष्य के जीवन का सबसे स्वर्णिम काल होता है, जो भविष्य की दिशा निर्धारित करता है। विशिष्ट अतिथि चन्द्रकुमार चन्द्राकर ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए एक लक्ष्य पर केंद्रित होकर निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य अश्वनी पाटकर ने कहा कि विद्यालय को पूर्ण विश्वास है कि सभी विद्यार्थी जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करेंगे तथा शिशु मंदिर में प्राप्त शिक्षा एवं संस्कारों के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा 11वीं के भैया-बहनों का विशेष योगदान रहा। साथ ही तोरण कुर्रे आचार्य, रंजीता गुप्ता आचार्या एवं कंचन वर्मा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन बहन अनामिका साहू एवं ढालिनी वर्मा ने किया।





### स्वामी आत्मानन्द स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई

बिलाईगढ़। स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बिलाईगढ़ में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास से किया गया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने सीनियर्स के सम्मान में स्वागत भाषण प्रस्तुत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। विदाई समारोह के दौरान मिस्टर एवं मिस फेयरवेल जैसे रोचक खिताब भी दिए गए, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने विद्यालयीन अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों एवं जूनियर्स का आभार व्यक्त किया। कई विद्यार्थियों की आंखें नम हो उठीं, जब उन्होंने अपने स्कूल के दिनों को याद किया। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं एवं भविष्य की चुनौतियों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है।कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं तथा स्मृति-चिन्ह भेंट कर एवं केक काटकर इस अविस्मरणीय क्षण को संजोया।



### ज्ञान विज्ञान विद्यालय में हुआ विदाई समारोह



बिलाईगढ़। ज्ञान विज्ञान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 13 फरवरी को कक्षा 12वीं के छात्रों को 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा विदाई दी गई । साथ ही कक्षा 9वीं और 11 वीं के विद्यार्थियों द्वारा 10 वी बोर्ड के विद्यार्थियों को विदाई और शुभकामनाएं दी गई। इस फेयरवेल के मौके पर 11 वीं और 9 वीं के बच्चों ने अपने 12 वीं और 10 वीं के विद्यार्थियों को बारी-बारी से सुगंधित फूल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञान प्रसार सेवा समिति रायपुर छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष आर एस बघेल ने विद्यार्थियों को भावी जीवन के लिए ज्ञानवर्धक कथा प्रसंग के साथ प्रेरणा दी। उन्होंने कहा ज्ञानं सर्वत्र पूज्यंते अर्थात ज्ञान की सर्वत्र पूजा होती है। इसीलिए विद्यार्थियों का पहला लक्ष्य निरंतर ज्ञान प्राप्ति के लिए संघर्ष करना है। जीवन एक संघर्ष है, इसे जितना ही हमारा फर्ज है। उन्होंने महान वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन के जीवन संघर्ष सिद्धांत पर प्रकाश डाला। साथ ही जीवन में हर परिस्थितियों का डटकर सामना करने के लिए ज्ञान के सहारे पर्याप्त आत्मबल को बनाए रखने का भी ज्ञान दर्शन बच्चों को दिया। बोर्ड परीक्षा में संतुलित आहार, समय नियोजन के अनुसार अध्ययन और मस्तिष्क के लिए पर्याप्त नींद लगभग 6 घंटे तक सोने की नसीहत दी।उन्होंने जीवन के प्रथम गुरु माता पालनहार पिता और अपने शाला में 1ली से अब तक विद्या दान करने वाले गुरुओं का जीवन में हमेशा सम्मान करने की बात पर जोर दिया। इस मौके पर प्राचार्य एस के बघेल और उप प्राचार्य कविता शर्मा के सहयोग से पुरस्कार वितरण भी करवाए गए, जिनमें बेस्ट रनर अप टीचर 2026 अवार्ड सुमन रात्रि व्याख्याता जीव विज्ञान और बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2026 के लिए क्रमशः वसुंधरा साहू 12वी और माधवी मनहर क्लास 10 अंग्रेजी माध्यम को दिया। साथ ही विगत वर्ष कक्षा 11वी के टॉपर जाह्नवी यादव, प्राची जायसवाल व अन्य टॉपर विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कक्षा 12 वीं के कक्षा शिक्षक ओंकार सिंह मनहर ने बच्चों को शाला द्वारा दिए गए अब तक के ज्ञान को जीवन में अमल में लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जब आप लोग इस संस्था में पहली बार पढ़ने के लिए आए तो कमजोर लग रहे थे, लेकिन आज आप सभी आत्मबल से भरे और समर्थवान प्रतीत हो रहे हैं। यह आप सब के निरंतर अध्ययन, अनुशासन और लगनशीलता का परिणाम है। आगे आप लोग जीवन में इसी आत्मविश्वास से अध्ययन कर बोर्ड परीक्षा को अच्छे नंबर से पास करके दिखाएंगे, इस बात का मुझे पक्का यकीन है।

# पीएम भरत देवांगन स्कूल में एलुमनी मिलन समारोह हुआ



**खरोरा।** पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2021 से पूर्व अध्ययनरत रहे पूर्व छात्र-छात्राओं का भव्य एलुमनी मिलन समारोह आयोजित किया गया। वर्षों बाद अपने प्रिय विद्यालय परिसर में लौटे पूर्व विद्यार्थियों के चेहरों पर पुरानी यादों की चमक और अपने गुरुओं से मिलने की अपार खुशी साफ झलक रही थी।

■ पूर्व छात्रों के चेहरों पर देखी गई पुरानी यादों की चमक

प्राचार्य रजनी मिंज, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर एवं समिति के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में समारोह का उद्घाटन किया गया। स्वागत भाषण में प्राचार्य रजनी मिंज ने विद्यालय की उपलब्धियों और एलुमनी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्था की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं।

समारोह में 2021 से पूर्व के विभिन्न बैचों के विद्यार्थी शामिल हुए। किसी ने अपने छात्र जीवन के रोचक प्रसंग साझा किए तो किसी ने शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपनी सफलता का आधार बताया। कई पूर्व विद्यार्थी आज प्रशासनिक सेवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी और निजी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए वर्तमान विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण और कठिन परिश्रम का संदेश दिया।

एक पूर्व छात्र ने भावुक होकर कहा कि यहीं से हमने सपने देखना सीखा और उन्हें साकार करने का हौसला पाया। वहीं कई छात्राओं ने विद्यालय में मिले संस्कारों और शिक्षा की सराहना की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां- कार्यक्रम के दौरान वर्तमान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। गीत, नृत्य, नाटक और स्वागत गान ने समारोह को जीवंत बना दिया। पूर्व विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक मंच पर आकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे वातावरण और अधिक आत्मीय हो उठा।

विद्यालय परिवार की ओर से सभी उपस्थित एलुमनी सदस्यों को साल श्रीफल, एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही, विद्यालय के विकास में योगदान देने वाले कुछ पूर्व छात्रों को विशेष रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने एलुमनी एसोसिएशन के गठन का प्रस्ताव भी रखा, जिससे भविष्य में पूर्व विद्यार्थियों का विद्यालय से सतत जुड़ाव बना रहे और वे मार्गदर्शन, संसाधन व सहयोग के माध्यम से संस्था को और सशक्त बना सकें। कार्यक्रम में प्राचार्य रजनी मिंज, व्याख्याता शाहिना परवीन, डोमार सिंह यादव, समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, दुलेश साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन, रश्मि वर्मा, सचिन अग्रवाल, यज्ञदत्त शर्मा, सुनील नायक, गुरदीप सिंह छाबड़ा, संजीव देवांगन, योगेश द्विवेदी, पूर्व छात्र-छात्राएं प्रमोद सिंह ठाकुर, सुमित सेन, जोगिंदर सलूजा, भरत कुंभकार, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, रमेश चौहान, योगेश पांडे, यज्ञदत्त शर्मा, रमेश शर्मा, अब्दुल अमीन खान, लोमश देवांगन, लच्छन देवांगन सिहत छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## व्यसन से दूर रहकर लक्ष्य हासिल करें छात्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

आई सेक्ट कम्प्यूटर परीक्षण केंद्र में वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पंकज वर्मा खंड चिकित्सा अधिकारी पलारी थे। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के लिए मूलमंत्र देते हुए कहा कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तथा किसी भी उद्देश्य को हासिल करना इसके लिए दृण निश्चय होना आवश्यक है। इसके लिए आपको नाशापान छोड़ना होगा, चाहे वह किसी भी तरह का नशा हो, बेवजह का तनाव न ले तभी आप लक्ष्य हासिल कर पाएंगे, इसके अलावा संयमित खान पान ध्यान दे और व्यवहारिक बने वहीं आप रोज डायरी लिखने की आदत डालें जिसमें दिनभर के दिनचर्या को रात में उसे डायरी पर उतारे इससे आपके सफलता की पूरी गारंटी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विपिन बिहारी वर्मा ने बच्चों को कम्प्यूटर क्रांति के बारे में बताया कि तकनीक हमारे विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता हैं। अतः इसका सकारात्मक उपयोग जीवन को सही दिशा देकर उन्नत बनती है। उन्होंने कहा कि कड़े संघर्ष से जानिक राम वर्मा ने प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण किया है। इससे विद्यार्थियों का भविष्य का निर्माण हो रहा है। विशिष्ट अतिथि कोमल देवांगन ने निरंतर आगे बढ़ाने तथा अपने रुचि अनुसार लक्ष्य को हासिल करने हेतु प्रेरित किया। आभार व्यक्त करते हुए आईसेक्ट के संचालक जानिक राम वर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन केजराम यादव ने किया।इसी कड़ी में आईसेक्ट के शिक्षिका अंजली पटेल, रेणुका साहू, संगीता ने बच्चों को कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने प्रेरित किया जिससे विद्यार्थी देशभक्ति और छत्तीसगढ़ी सुआ, कर्मा, ददरिया थीम पर पारंपरिक नित्य कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में चेतन वर्मा, रवि श्रीवास्तव, परमेश्वर साहू एवं छात्रों में दीपाली, एकता, काजल, गायत्री, प्रिया, डिगेश्वरी, कंचन, सीमा, ममता, महेश्वरी, कामनी, निशु, खिलेश्वरी, गुंजा, रेणुका, रितु, निधि, डिम्पल, खुशबू, नीलिमा, दुर्गा, नीता, अंजुम, आरती, तारनी, दीपांजलि, गीमा, नीलम, सुदेश, मनीष, कुलेश्वर, पुनेश्वर,करण, राजेश, चूड़ामणि, मुकेश, विनोद, लोकेश , प्रमोद, देव, जागेंद्र, कुंदन एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

■ विद्यार्थी तभी लक्ष्य हासिल होगा- बीएमओ डॉ. पंकज वर्मा

## द आइडियल एकेडमी में मनाया मातृ पितृ दिवस





**पलारी।** द आइडियल एकेडमी इंग्लिश मिडियम स्कूल दतान (प) में वार्षिक उत्सव एवं मातृ-पितृ पूजन का कार्यक्रम किया गया। इसमें बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत से लोगों का मन मोह लिया। मातृ-पितृ पूजन के कार्यक्रम में बच्चे एवं उनके माता-पिता शामिल हुए और अपने बच्चों को स्नेहपूर्ण आशीर्वाद प्रदान किए। इसमें स्कूल संचालक सुभाष देव वर्मा, मुख्य अतिथि जनपद जामवती साहू, शाला पालक समिति के अध्यक्ष कमल नारायण, पूर्व जनपद बृज बाई वर्मा, टिकमचंद्र वर्मा, शाला पालक समिति के उपाध्यक्ष हेमकुमार साहू एवं शाला पालक समिति के सदस्य राकेश खुटे उपस्थित थे।

# डॉ. अर्चना प्राचार्य पद पर पदोन्नत, छात्रों व स्टाफ ने किया अभिनंदन



भाटापारा। नगर के इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में डॉ. अर्चना वर्मा के प्राचार्य पद पर पदोन्नति होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। समारोह के दौरान स्टाफ सदस्यों ने नवनियुक्त प्राचार्य का तिलक लगाकर स्वागत किया। वक्ताओं ने डॉ. अर्चना वर्मा के अब तक के शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व और अनुशासित कार्यशैली से विद्यालय शिक्षा और खेलकूद के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा। पदभार ग्रहण करने के पश्चात डॉ. वर्मा ने सभी के स्नेह के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और विद्यालय का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त व्याख्याता, शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
13 फरवरी 2026
SHOW TIME
ओ रोमियो
शो समय - 12:00, 3:30, 6:00, 9:00 PM
आटा चक्की (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### देवसुंदरा में साहू समाज का आदर्श विवाह 8 मार्च को

**पलारी।** तहसील साहू संघ पलारी अंतर्गत परिक्षेत्र दतान भवानीपुर रोहांसी पलारी संयुक्त तत्वावधान में ग्राम देवसुन्द्रा में 8 मार्च को आदर्श विवाह का आयोजन रखा गया है, जिसका पंजीयन 31 फरवरी तक है। आदर्श विवाह में शामिल होने के लिए निश्चित समय तक विवाह पंजीयन करना होगा, जिसमें शुल्क 1000 रुपए रखा गया है। संगठन सचिव पलारी मनोज कुमार साहू ने कहा की समाज के रीति नीति अनुसार चलना है, जिससे हमारे समाज एकता एवं संगठन से मजबूत रहे और आज की समय में शादी विवाह में बहुत खर्च हो जा रहा है, जिसके चलते आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है, इसलिए आदर्श विवाह करना चाहिए, जिससे हमारी खर्च बच्चे और आने वाले पीढ़ी के लिए वह काम आवे और हम सभी को एक दूसरे के सुख-दुख में सहयोग दे जिससे हमारे समाज की एक अलग पहचान बने।

### लूटपाट के आरोप में तीन नाबालिग गिरफ्तार

**महासमुंद।** शहर के नयापारा स्थित नर्सरी के पास एक व्यक्ति के साथ हुई लूटपाट के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल व बाइक बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी लिलेशपाल पिता स्व सेवक पाल (42 वर्ष) निवासी सोरिद रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 फरवरी की रात करीबन 7.30 बजे काम करके अपने घर ग्राम सोरिद जा रहा था, करीबन 7.45 बजे नयापारा महासमुंद से लगे नर्सरी के पास तीन अज्ञात लोगों के द्वारा प्रार्थी का रास्ता रोककर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए उसके पास रखे मोबाल व नगदी रकम 4800 रुपए को लेकर भाग गये। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 308(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने विवेचना के दौरान मामले में संदेहियों की पहचान विधि से संघर्षरत तीन बालक के रूप में की। जिनके कब्जे से दो नग मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त पैशन प्रो मोटर सायकल सीजी 04 सीएक्स 9757 कीमत लगभग 10000 रुपए को बरामद किया गया। विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को बाल सुधार गृह महासमुंद भेजा गया है।

## निधन

### बिसौहा नायक



**बंगोली।** समीपस्थ ग्राम धनसुली निवासी बिसौहा नायक (ढोलक वादक) 80 वर्ष का निधन 13 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। भूरी बाई नायक, बसंती नायक के पति तथा शेखर, लेखराम, रुपेश नायक के पिता थे एवं प्रितेश, तुषार, प्रीति, नेहा, कामिनी, महेश्वरी, अंचल नायक के दादा थे।

### भूखन साहू



**भवानीपुर।** ग्राम भरुवाडीह निवासी भूखन साहू 75 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महानदी तट मलपुरी में किया गया। वह साहू समाज के पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष थे। उनके निधन पर क्षेत्र एवं समाज में शोक की लहर है। उनके अंतिम संस्कार में आसपास की ग्रामीण उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी। वह डॉ. टिकेश्वर साहू, रोमन साहू के पिता थे।



पर्व : बलौदाबाजार जिले का प्रमुख आस्था केंद्र सिद्धेश्वर महादेव मंदिर

# सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि होंगे भव्य और दिव्य अनुष्ठा, सुरक्षा तगड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

महाशिवरात्रि पर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए नगर पंचायत पलारी द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने बताया कि मंदिर परिसर को श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाया गया है, ताकि दर्शन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। प्रसादी वितरण के लिए पंडाल परिसर के बाहर विशेष व्यवस्था की गई है तथा वाहनों की सुचारु आवाजाही हेतु पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं प्रकाश व्यवस्था को भी दुरुस्त किया गया है और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



सिद्धेश्वर महादेव मंदिर बलौदाबाजार जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में से एक है, जहां दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। तैयारियों के निरीक्षण हेतु एसडीएम दीपक निकुंज ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं थाना प्रभारी प्रवेश तिवारी द्वारा यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। कुल मिलाकर महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर के सभी जिम्मेदार अधिकारियों एवं मेला समिति के सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु समुचित प्रबंध किए गए हैं, ताकि सभी श्रद्धालु सहजता से सिद्धेश्वर महादेव के दर्शन कर सकें।

## केदार द्वीप मदकू में तीन दिवसीय शिव आराधना महोत्सव शुरू, निकाली गई कलश यात्रा

**भाटापारा।** माण्डूक्य ऋषि की तपःस्थली, श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू में इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर तीन दिवसीय शिव आराधना महोत्सव का भव्य आयोजन प्रारंभ हो गया। 14 फरवरी को प्रातः काल कलशयात्रा के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। प्रातः महामाया मंदिर, मदकू से कर्मा नर्तक दल एवं बाजे-गाजे के साथ श्रद्धा एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में मदकू, ठेलकी, बासिन, बड़ियाडीह, देवाकर, लमती, किरना, मदवानी, दरूवनकांपा, बारगांव सहित लगभग 20 ग्रामों की बालिकाएं एवं महिलाएं कलश धारण कर सम्मिलित हुईं। कलश यात्रा के साथ चल रहा कर्मा नृत्य दल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसने संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना दिया।



यात्रा के यज्ञमंडप में प्रवेश के साथ विधिवत यज्ञारंभ हुआ। तीन आवृत्ति रुद्राभिषेक के पश्चात हवन संपन्न किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। आसपास के ग्रामों से श्रद्धालुओं की सतत उपस्थिति से संपूर्ण द्वीप क्षेत्र श्रद्धा एवं आस्था से ओतप्रोत रहा। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर आयोजन की गरिमा बढ़ाई। तीन दिवसीय महोत्सव के द्वितीय दिवस, महाशिवरात्रि पर विशेष रुद्राभिषेक, हवन एवं रात्रि में अहोरात्र रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निरंतर सक्रिय हैं।

### द्वीप क्षेत्र की साधना का विशेष महत्व

मदकू द्वीप चारों ओर से शिवनाथ नदी से घिरा हुआ है। महोत्सव के माध्यम से क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक परंपरा एवं सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। श्रद्धालुओं की आस्था और सहभागिता से श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू पुनः भक्तिमय वातावरण से आलोकित हो उठा है।

### केशला में होगा दो दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व

**खरोरा।** केशला के बरबंधवा तालाब पार में श्री अर्धनारीश्वर मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व मनाया जायेगा। समिति के यशवंत देवांगन ने बताया की विगत 10 वर्षों से मंदिर समिति व ग्रामवासी के सहयोग से यह विशाल आयोजन किया जाता है। महाशिवरात्रि पर्व के प्रथम दिवस शनिवार को भोलेबाबा का भव्य शोभायात्रा बारात निकाली जाएगी। भोलेबाबा की बारात बरबंधवा तालाब से भव्य साज सज्जा ढोल नगाड़ों गाजे बाजे के साथ शाम 5 बजे निकली जायेगी और द्वितीय दिवस रविवार को भगवान नर्मदेश्वर महादेव का प्रातः 9 बजे से विधिवत पूजा अर्चना और रुद्राभिषेक किया जायेगा। तत्पश्चात दोपहर से विशाल महाभोज भंडारे का आयोजन फिर संध्या बेला से हिरेश सिन्हा का जगराता का कार्यक्रम होगा।



### शिव परिवार स्थापना महोत्सव का शुभारंभ

**खरोरा।** नगर के वार्ड 8 स्थित शिव मंदिर सरस्वती शिशु मंदिर के पास में श्री शिव परिवार स्थापना महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को हुआ। दो दिवसीय इस धार्मिक आयोजन का आयोजन समस्त वार्डवासी, वार्ड 8 खरोरा द्वारा किया जा रहा है। महोत्सव के प्रथम दिवस प्रातः 10 बजे मंगल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण किया। कलश यात्रा में महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे देव आवाहन एवं जलाधिवास तथा दोपहर 1 बजे अन्नाधिवास की धार्मिक विधियां संपन्न हुईं। संध्या 5 बजे हवन एवं महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की। आयोजन के दूसरे दिन 15 फरवरी, रविवार को प्रातः 10 बजे सर्व देव पूजन, प्रातः 11 बजे नगर भ्रमण तथा दोपहर 12 बजे शिव परिवार की स्थापना, महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।



# गुरु घासीदास ने समाज को सत्य, समानता और मानवता का दिखाया मार्ग



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

ग्राम पंचायत छेरकाडीह में गुरु घासीदास की स्मृति में आयोजित सप्त दिवसीय नमायन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। सात दिनों तक चले इस आयोजन में प्रतिदिन सत्संग, कीर्तन एवं प्रवचन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने समाज को सत्य, समानता और मानवता का मार्ग दिखाया। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही हम एक आदर्श और समरस समाज की स्थापना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन नई पीढ़ी को संस्कार और सद्भाव का संदेश देते हैं। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि बाबा जी का जीवन त्याग, तपस्या और सामाजिक जागरूकता का प्रतीक है। समाज में व्याप्त भेदभाव को मिटाकर आपसी भाईचारा स्थापित करना ही उनके सिद्धांतों का पालन है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

■ छेरकाडीह में सात दिवसीय नमायन श्रद्धा और भक्ति से संपन्न हुआ

नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा कि सतनाम का अर्थ है सत्य के मार्ग पर अडिग रहना। बाबा जी का संदेश हमें नैतिक मूल्यों को अपनाने और समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है। इस दौरान सती नारायण माण्डले सरपंच, कमल नारायण बंजारे उप सरपंच, संतोष कुमार नवरंगे, कुसीनील कुमार, देवमती, रोमन दास, सुशीला नवरंगे, मधुधनराज बांधे, ज्ञानदास बंजारे, नरोत्तमदास मानिकपुरी, अन्नू भरोसा मानिकपुरी, गंगा बाई यादव गंगा धर्मेंद्र पाठक, हरवंश नवरंगे, जीवराखन जोशी, देवा बांधे, लक्ष्मण, बंधुसुदन बंजारे, पीला बंजारे, रमेश चंद्राकर, कन्हैया सिंह ठाकुर, रामाधार, हीरालाल सहित ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित थे।

## वंशज के आधार पर हो कोटवारों की नियुक्ति संघ ने की मांग

**गोपालपुर।** कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला स्तरीय बैठक सरसीवां के मंगल भवन में आयोजित की गई। बैठक में शासन द्वारा कोटवारों के नया आदेश के आधार पर ड्यूटी में उपस्थित होना, थाना एवं तहसील में 2-2 बार उपस्थित होना है, मुसाफ़िर की जानकारी रखना एवं मुनादी का रजिस्टर संधारण करना और थाना, तहसील का उपस्थित पंजी रखना, अपने क्षेत्रों की सम्पूर्ण जानकारी रखना, कोटवारों के हर माह में तहसील के बैठकों में अनिवार्य रुप से उपस्थित होना जैसे नियमों पर चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों ने प्रशासनिक राजस्व अधिकारी से मांग की है, कोटवारों के वंशज के आधार पर कोटवारों की नियुक्ति की जाए। कार्यक्रम में गंगा बाई चौहान महिला अध्यक्ष, शारदा मानीकपुरी, हेमकुंड चौहान, ज्योति चौहान, प्रमिला चौहान, राम बाई चौहान, बुदेश्वर दास, गेंद लाल, आंनद दास, दीपक दास, पन्ना लाल, बंशी लाल, शांति दास उपस्थित रहे।

## नल जल ऑपरेटर संघ की बैठक आज

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत नल जल ऑपरेटर संघ कुरूद ब्लाक की बैठक आज 15 फरवरी रविवार को खेल मैदान कुरूद में 11 बजे रखी गई है। संघ के टिकेश्वर साहू ने बताया कि बैठक में पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा।

# स्वस्थ्य रहने प्रत्येक महिलाएं संतुलित आहार पर ध्यान दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

परियोजना कार्यालय भटगांव द्वारा नगर के वार्ड नंबर 5 में महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति के साथ नगर के विभिन्न वार्डों के महिलाओं ने भाग लिया। शिविर में विभाग द्वारा गोदभराई एवं अनुप्राशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। मुख्य रूप से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला ने कहा कि महिलाओं को जागृत करना जरूरी है। एक महिला जागृत होती है, जागरूक होती है तो इसका प्रभाव न केवल उसके परिवार में पड़ता है, बल्कि संपूर्ण समाज में इसका प्रभाव पड़ता है।

महिलाओं को जागरूक करना, महिलाओं को सशक्त बनाने की शुरुवात है मतलब कि सशक्त महिला मजबूत महिला होने के लिए स्वस्थ शरीर का होना जरूरी होती है। अर्थात एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता हुऐ की तेज में सभी महिलाओं को स्वस्थ रहना होगा। यदि परिवार में घर की महिला बीमार होती है, तब इसका असर पूरे परिवार, समाज एवं देश पर की इसका असर होता है। यदि स्वस्थ भारत का निर्माण करना है, तब हर घर के हर महिला को स्वस्थ बनाना होगा और स्वस्थ बनाने के लिए प्रत्येक महिलाओं की जांच जरूरी है। जांच करने पर ही पता चलेगा कि कितने स्वस्थ है, इसके लिए प्रत्येक महिलाओं को अपनी खून की जांच करा कर पता लगाना होगा कि उसमें हीमोग्लोबिन या खून की मात्रा कितनी है अगर महिला एनीमिक या रक्त अल्पता से जूझती रही होगी, तब इसका दुष्प्रभाव परिवार पर पड़ता है। इस कारण प्रत्येक महिला को संतुलित आहार पर ध्यान देना होगा।

अगर इनकी आहार संतुलित हो जिसमें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, विटामिन सूक्ष्म लवण के साथ पर्याप्त पानी की मात्रा को नियमित रूप से मिले तब ऐसे शरीर में बीमारी होने की संभावनाएं कम होती है। आज के इस कार्यक्रम में सीडीपीओ विजय सरल, स्वास्थ्य कार्यकर्ता चंद्र कला जैसवाल भी उपस्थिति रही।




### महिला जागृति शिविर में स्वास्थ्य संबंधी दी गई विस्तृत जानकारी

इसी तरह प्रत्येक महिला जिनकी उम्र 30 वर्ष के ऊपर है उन सभी की ब्लड प्रेशर की जांच, शुगर की जांच और कैंसर की जांच करना जरूरी होता है, क्योंकि आज के सिविलाइज्ड जिंदगी में स्वस्थ जीवन शैली को भूलते जा रहे हैं, जिसके परिणाम स्वरूप महिलाओं को बीपी, शुगर की बीमारी दिन प्रति दिन बढ़ते जा रही है। इस कारण प्रत्येक लोगों को अपनी जीवन शैली में बदलाव करना जरूरी है, जिसमें नमक की सेवन कम करना, चीनी या शक्कर की सेवन कम करना, अच्छी नीद लेना, पैदल चलना, योग करना, मेडिटेशन करना जरूरी हो गया। यदि हमारी जिंदगी में स्ट्रेस स्ट्रेन बढ़ते जाएगा तब भी इसका प्रभाव शरीर में पड़ता है। इसी तरह से आज समाज में बीड़ी, तंबाखू, गुड़ाखू, खैनी, गुटखा, सिगरेट आदि की सेवन करने से उसके शरीर में दुष्प्रभाव पड़ता है और यही असंक्रामक रोगों को जन्म देता है, जिसमे बीपी का बढ़ना, शुगर का बढ़ना होता तथा अनियंत्रित खान पान रहन सहन के कारण कैंसर जिसमें मुंह का कैंसर, स्तन कैंसर तथा सर्वाइकल कैंसर होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। उपस्थित सभी महिलाओं को असंक्रामक रोगों से बचने के लिए स्वस्थ जीवन शैली की अपनाना होगा। शरीर में असंक्रामक रोग के लक्षण है कि नहीं इसको जानने के लिए अपने पास आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जाकर बीपी, शुगर और कैंसर की जांच कराना जरूरी है।

श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

# कांग्रेस ने बनाई मनरेगा बचाओ आंदोलन की रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे द्वारा समस्त ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत प्रस्तावित कलेक्टर घेराव कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष द्वारा सभी ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में संगठन को सक्रिय करते हुए अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं एवं आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में एसआईआर में पाई गई गड़बड़ियों के संबंध में भी चर्चा की गई तथा संबंधित त्रुटियों के सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों पर सतत संघर्ष के लिए प्रतिबद्ध है।




बैठक उपरांत मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में सुरेंद्र शर्मा अध्यक्ष, कृषक कल्याण बोर्ड, शैलेश नितिन त्रिवेदी पूर्व अध्यक्ष पाठ्यपुस्तक निगम, सुनील माहेश्वरी, प्रवीण सेन अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर, भानु प्रताप वर्मा अध्यक्ष, सुहेला, गुरुदयाल यादव ब्लॉक अध्यक्ष लवन, दयाराम वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष, कसडोल, दिवाकर मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष, भाटापारा शहर, हर्मित भाटिया ब्लॉक अध्यक्ष सिमगा, जितेंद्र नवरत्न जिलाध्यक्ष अनु.जा., नीलकंठ ध्रुव अध्यक्ष आदिवासी प्रकोष्ठ, विवेक यदु जिलाध्यक्ष एनएसयूआई सहित समस्त कांग्रेसजन उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411